रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-03102022-239315
CG-DL-E-03102022-239315

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 240] | नई दिल्ली, शुक्रवार, सितम्बर 30, 2022/आश्विन 8, 1944 |
| No. 240] | NEW DELHI, FRIDAY, SEPTEMBER 30, 2022/ASVINA 8, 1944 |


**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**

**(वाणिज्य विभाग)**

**(व्यापार उपचार महानिदेशालय)**

**संशोधन अधिसूचना**

नई दिल्ली, 30 सितम्बर, 2022

**विषय: चीन जन.गण., इंडोनेशिया, कोरिया गणराज्य और थाइलैंड के मूल के अथवा वहां से निर्यातित थेलिक एनहाइड्राइड (पीएएन) के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच की अंतिम जांच परिणाम अधिसूचना सं. 6/16/2020-डीजीटीआर दिनांक 19 मई, 2022 में उत्पादक निर्यातक एक्युंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड के नाम में परिवर्तन।**

**फा. सं. 7/06/2022-डीजीटीआर.—**समय-समय पर यथासंशोधित सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे आगे "अधिनियम" भी कहा गया है) और उसकी समय समय पर यथा-संशोधित सीमा शुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति का निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे आगे "नियमावली" भी कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए:

**क. पृष्ठभूमि**

1. व्यापार उपचार महानिदेशालय ("प्राधिकारी") ने चीन जन.गण., कोरिया गणराज्य और थाइलैड ("संबद्ध देशो") के मूल के अथवा वहां यह निर्यातित थैलिक एनहाइड्राइड (पीएएन) के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच की थी और अपनी अंतिम जांच परिणाम दिनांक अधिसूचना सं. 6/16/2020-डीजीटीआर दिनांक 19 मई, 2021 ("अंतिम जांच परिणाम") के माध्यम से निश्चात्मक पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की थी। यह सिफारिश

वित्त मंत्रालय ने स्वीकृत की थी और सीमा शुल्क अधिसूचना सं. 48/2021-सीमा शुल्क (एडीडी) दिनांक 9 अगस्त, 2021 ("सीमा शुल्क अधिसूचना") द्वारा निश्चयात्मक शुल्क लगाया गया था।

2. उक्त पाटनरोधी जांच में कोरिया से संबद्ध वस्तु के एक सहयोगी उत्पादक अर्थात एक्युंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य और उसके संबद्ध वस्तु के चार असंधित व्यापारियें अर्थात, कैनको मार्केटिंग कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य, हुमेड कारपोरेशन, कारिया गणराज्य, हुंडई कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य और पोलिकेम एशिया कंपनी लिमिटेड, कोरिया गणराज्य ने भाग लिया था और निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया था। प्राधिकारी ने उत्पादक एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य के अलग शुल्क की सिफारिश की थी।

3. मूल जांच के दौरान, एक्युंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य विभिन्न पैट्रोकेमिकल के उत्पादों और बिक्री में शामिल था। एक्युंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य, एक्युंग कैमिकल कं. लि. (पुरानी कंपनी) और एके केमटेक कंपनी लिमिटेड संबंधित कंपनियों हैं और समान समूह की हैं, जिसमें एके होल्डिंग्स इंक मूल कंपनी है और उसके पास अधिकांश शेयर हैं। अंतिम जांच परिणाम जारी होने के बाद एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य ने समूह की समेकन कार्यनीति के परिणामस्वरूप एक्युंग कैमिकल कं. लि. (पुरानी कंपनी) और एके केमटेक कंपनी लिमिटेड को आमेलित कर लिया। उक्त समेकन के पश्चात 1 नवंबर, 2021 से बची हुई कंपनी एक्युंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य ने अपना नाम एक्युंग कैमिकल कं. लि. से बदलकर एक्युंग कैमिकल कं. लि. कर दिया है।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

4. 28 जनवरी, 2022 को एक्युंग कैमिकल कं. लि., कोरिया गणराज्य (जिसे आगे "आवेदक" भी कहा गया है) ने सहयोगी उत्पादक एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य के नाम को बदलकर व्यापार सूचना सं. 48/2021-सीमा शुल्क (एडीडी) दिनांक 9 अगस्त, 2021 के अनुसार अंतिम जांच परिणाम की शुल्क तालिका में एक्युंग कैमिकल कं. लि., कोरिया गणराज्य करने का अनुरोध करते हुए आवेदन दायर किया है।

5. इस अनुरोध की प्रकृति पर विचार करते हुए और व्यापार सूचना सं. 12/2018 दिनांक 17 सितंबर, 2018 के अनुसार प्राधिकारी ने उक्त आवेदन की जांच की है और आवेदक से अतिरिक्त दस्तावेज भी मांगे है। प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के आवेदन का अगोपनीय अंश परिचालित किया है और अनुरोध पर उनके विचार मांगे हैं ताकि उस अनुरोध पर उचित ढंग से विचार किया जा सके और मध्यावधि समीक्षा **("एमटीआर")** करने की आवश्यकता का मूल्यांकन किया जा सके।

6. आवेदक के दावों के विरुद्ध घरेलू उद्योग द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर कोई अनुरोध/साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है है। तथापि, मूल जांच में घरेलू उद्योग के कानूनी प्रतिनिधि ने देर से कानूनी तर्क दिए हैं और प्राधिकारी से मौखिक सुनवाई का अनुरोध किया है।

7. प्राधिकारी द्वारा 15 सितंबर, 2022 को मौखिक सुनवाई आयोजित की गई थी। भागीदारों द्वारा किए गए अनुरोध को नीचे रिकॉर्ड किया गया है और प्राधिकारी द्वारा उन पर विचार किया गया है।

ग. <u>अनुरोध</u>

<u>आवेदक- एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य के विचार</u>

8. एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य से संबद्ध वस्तु का एक उत्पादक है और उसने सीधे तथा चार असंबंधित व्यापारियों कैनको मार्केटिंग कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य, हुमेड कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य, हुंडई कारपोरेशन, कोरिया गणराज्य और पोलिकेम एशिया कंपनी लिमिटेड, कोरिया गणराज्य के जरिए पीओआई के दौरान भारत को संबद्ध वस्तु का निर्यात किया था। पीओआई के दौरान भारत को एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य द्वारा निर्यातित समस्त संबद्ध वस्तु उसके स्वयं द्वारा उत्पादित थी। एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य और उसके चार असंबंधित व्यापारियों को प्राधिकारी द्वारा संबद्ध जांच के अनुपालन में जारी दिनांक 9 अगस्त, 2021 की अंतिम जांच परिणाम अधिसूचना में सहयोगी कंपनियां मांगा था।

9. एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य, एक्युंग कैमिकल कं. लि. (पुरानी कंपनी) और एके केमटेक कंपनी लिमिटेड संबंधित कंपनियों हैं और समान समूह की हैं, जिसमें एके होल्डिंग्स इंक मूल कंपनी है और उसके पास अधिकांश शेयर हैं। एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य ने समूह की समेकन कार्यनीति के परिणामस्वरूप एक्युंग कैमिकल कं. लि. (पुरानी कंपनी) और एके केमटेक कंपनी लिमिटेड को आमेलित कर लिया। उक्त समेकन के पश्चात 1 नवंबर, 2021 से बची हुई कंपनी एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य ने अपना नाम एक्युंग पैट्रोकैमिकल कं. लि. से बदलकर एक्युंग कैमिकल कं. लि. कर दिया है।

10. थैलिक एनहाइड्राइड (संबद्ध वस्तु) एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य द्वारा विनिर्मित है और प्लास्टीसाइजर्स, अनसेचुरेटेड पालिएस्टर रेजिन, पेंट आदि के लिए मुख्य कच्ची सामग्री है। एक्युंग कैमिकल कं. लि. (पुरानी कंपनी) रेजिन, हार्डनर्स और एडेसिव के उत्पादन में शामिल था। एके केमटेक कंपनी लिमिटेड सरफेक्टंट्स के विनिर्माण और बिक्री में शामिल थी। न तो एक्युंग कैमिकल कं. लि. (पुरानी कंपनी) और न ही एके केमटेक कंपनी लिमिटेड संबद्ध वस्तु के उत्पादन या बिक्री में शामिल थी, पीयूसी के उत्पादन में शामिल एकमात्र कंपनी एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य थी।

11. नाम में परिवर्तन और ग्रुप की इन तीन कंपनियों के समेकन का उद्देश्य प्रमुख प्रतिभा और उत्पाद विवरण व्यवसाय की प्रबंधन क्षमताओं में सुधार करना था। इसके अलावा, एक समान प्रबंधन के साथ आवेदक की योजना अपने आरएंडडी कार्यों का विस्तार और उन्नयन करने की है ताकि अपनी मूल प्रौद्योगिकी को सुरक्षित कर सके और अपनी पर्यावरण अनुकूल प्रतिक्रिया क्षमताओं को मजबूत बना सके। इसके अलावा, समेकन का उद्देश्य एक ऐसी कंपनी बनाना है जो कंपनी-वार व्यापार निदेश और कार्य-नीति के जरिए विनिर्माण और एडिटिव सामग्री की बिक्री पर केन्द्रित व्यापार संरचना से अलग होकर उच्च मूल्यवर्धित उत्पादों और व्यापक रासायनिक समाधानों को प्रदान कर सके। यह अनुरोध केवल नाम परिवर्तन की श्रेणी में आता है और व्यापार सूचना सं. 12/2018 दिनांक 17 सितंबर, 2018 के अनुसार व्यापार की मूल प्रकृति में कोई अंतर नहीं है। आवेदक द्वारा आवेदन में निम्नलिखित दस्तावेज दिए गए हैं:

- मूल और नया व्यापार लाइसेंस
- समेकन से पूर्व और पश्चात प्रबंधन का ढांचा
- समेकन से पहले और बाद में शेयरधारकों और संबंधित व्यक्तियों के शेयरों का ब्यौरा
- वर्ष 2021 के लिए लेखा परीक्षित वार्षित रिपोर्ट।

12. आवेदन के अगोपनीय अंश और अतिरिक्त दस्तावेज घरेलू उद्योग को उनकी टिप्पणियां हेतु परिचालित किए गए थे। उन्हें अनुरोध करने के लिए पर्याप्त समय दिया गया था। अनेक अनुस्मारकों के बावजूद घरेलू उद्योग द्वारा कोई टिप्पणी/अनुरोध प्रस्तुत नहीं किया गया।

13. टीपीएम उद्योग का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहा है क्योंकि प्राधिकारी को यह बताते हुए कोई प्राधिकार प्रस्तुत नहीं किया गया है कि उन्हें वर्तमान जांच में भाग लेने के लिए घरेलू उद्योग द्वारा प्राधिकृत किया गया है। उन्होंने इस अनुरोध में भागीदारी के आशय का पत्र भी प्रस्तुत नहीं किया था। अत:, टीपीएम को वर्तमान मौखिक सुनवाई में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

14. यदि प्राधिकारी ने उत्तर देने के लिए ईमेल भेजा है तो कानूनी प्रतिनिधि को मौखिक सुनवाई में भागीदारी के लिए घरेलू उद्योग से प्राधिकार लेना चाहिए था और उनकी ओर से टिप्पणियां प्रस्तुत करनी चाहिए थी।

15. समूह की तीन कंपनियों का एक में समेकन का एक मात्र कारण मुख्य प्रतिभा और उत्पाद पोर्टफोलियो व्यवसाय की प्रबंधन क्षमताओं में सुधार करना है।

16. समेकन के बाद, एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड इसी नाम से तीन माह तक चलता रहा और किसी बाधा के बिना भारत को संबद्ध वस्तु का निर्यात भी करता रहा। चूंकि अन्य कंपनियों ने न तो एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड को किसी कच्ची सामग्री की आपूर्ति की और न ही पीयूसी के उत्पादन में शामिल रहे, इसलिए इन

कंपनियों के समेकन पर एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड के किसी अन्य मापदंड में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यहां तक कि वे भिन्न स्थानों पर स्थित हैं।

17. इन कंपनियों के जुड़ने से उत्पादन लागत, उत्पादन प्रक्रिया या भारत को पीयूसी के निर्यात में भी कोई परिवर्तन नहीं हुआ था। तथापि, केवल नाम परिवर्तन के कारण एक्यूंग कैमिकल कं. लिमिटेड को प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित होना पड़ा।

18. समेकन और एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड का नाम बदलकर एक्यूंग कैमिकल कं. लिमिटेड होने से कंपनी में कोई ढांचागत बदलाव नहीं हुए हैं, उदाहरणार्थ:

- व्यापार लाइसेंस संख्या कोई परिवर्तन नहीं
- क्षमता में कोई परिवर्तन नहीं,
- कारखाने के पते में कोई परिवर्तन नहीं
- अधिकांश शेयरधारकों में कोई परिवर्तन नहीं
- कच्ची सामग्री के स्रोत में कोई परिवर्तन नहीं
- लागत संरचना में कोई परिवर्तन नहीं
- विदेशी बिक्री टीम में कोई परिवर्तन नहीं
- सुविधाओं के स्रोत में कोई परिवर्तन नहीं
- संयंत्र में कामगारों की संख्या में कोई परिवर्तन नहीं

19. इन कंपनियों के समेकन और नाम में परिवर्तन के बाद एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। इस प्रकार समेकन और नाम परिवर्तन से कंपनी के समग्र कार्यकरण में कोई बदलाव नहीं हुआ है और उत्पादन लागत संरचना में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

20. डीजीटीआर की पूर्व प्रक्रिया के अनुसार, नाम परिवर्तन में विलय का कोई निहितार्थ नहीं है। प्राधिकारी ने नाम परिवर्तन के मामले में कभी भी पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन परिकलित नहीं किया है।

21. नियम 23 नाम परिवर्तन पर लागू नहीं है। प्राधिकारी ने नाम परिवर्तन के लिए विशेष रूप से व्यापार सूचना 12/2018 जारी की है जिसमें यह स्पष्ट उल्लेख है कि विलय/ अलग होने/अधिग्रहण, स्वामित्व संरचना में बदलाव/शेयरधारित पैटर्न किसी सदस्य देश के कानून की अपेक्षा में बदलाव के कारण नाम में बदलाव का अनुरोध किया जाता है। अत:, व्यापार सूचना का उक्त के कारण नाम परिवर्तन के मामले में पालन किया जाएगा।

22. मिस्र अरब गणराज्य, व्यापार और उद्योग मंत्रालय ने कोरिया गणराज्य से डीओपी पर लागू पाटनरोधी शुल्क का पुन:आकलन किए बिना एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड का नाम बदलकर एक्यूंग कैमिकल कंपनी लिमिटेड कर दिया है। इस नाम परिवर्तन को जांच प्राधिकारी ने विधिवत रूप से स्वीकृत किया था और अनुरोध दायर करने के तीन सप्ताह के भीतर 6/2/2022 को अधिसूचित किया था।

**घरेलू उद्योग का विचार**

23. डीजीटीआर ने टीपीएम (मूल जांच में घरेलू उद्योग का कानूनी प्रतिनिधि) को पत्र भेजा था और टिप्पणियां मांगी थी यदि डीजीटीआर ने टीपीएम को पत्र भेजा है और प्राधिकार नहीं मांगा है तो टीपीएम का यह दायित्व नहीं था कि वह डीजीटीआर से अनुरोध करे कि वे प्राधिकार प्रस्तुत करने हेतु टीपीएम से कहें।

24. यह केवल नाम परिवर्तन नहीं है, पूरा कारपोरेट पुनर्गठन हुआ है। एक्यूंग केमिकल कं. लिमिटेड और एके केमटेक कंपनी लिमिटेड का विलय एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया में हो गया था। पुनर्गठन के बाद नई कंपनी का नाम बदलकर एक्यूंग केमिकल कं. लिमिटेड हो गया है। वास्तव में, यह देखा जाएगा कि एक्यूंग केमिकल द्वारा किए गए पुनर्गठन का प्राथमिक उद्देश्य उसकी बिक्रियां और लाभ बढ़ाना है। इस प्रक्रिया के माध्यम से, उसका

उद्देश्य वह बिक्री में चार ट्रिलियन वोन के स्तर और 2030 तक प्रचालन लाभ में 300 बिलियन वोन तक पहुंचना है।

25. आवेदकों द्वारा बताया गया ढांचागत बदलाव सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत में परिवर्तन ला सकता था। वास्तव में, आवेदक ने यह भी नहीं बताया है कि संरचनात्मक बदलाव से सामान्य मूल्य और/या निर्यात कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसके अलावा, आवेदक उत्पाद की स्वयं खपत और पूर्व स्थिति तथा वर्तमान स्थिति के बीच इसमें क्या बदलाव हुआ तथा पाटन मार्जिन पर उसका क्या प्रभाव पड़ा है, इसके बारे में मौन है। एक बार संरचना में बदलाव होने पर उत्पादन, बिक्री, बाजार, कीमत, सभी के संबंध में कंपनी की नीति में बदलाव होगा। डीजीटीआर समीक्षा किए बिना, यह निर्धारित नहीं कर सकते हैं कि क्या स्वामित्व में बदलाव के परिणामस्वरूप इन मापदंडों में कोई बदलाव हुआ है। ऐसा केवल नियम 23 के अन्तर्गत अंतरिम समीक्षा के जरिए किया जा सकता है।

26 वास्तव में नियम 22 या 29 के अन्तर्गत निर्धारित प्रक्रिया वर्तमान मामले पर लागू नहीं है। वर्तमान मामले में लागू एकमात्र प्रक्रिया नियम 23 के अन्तर्गत निर्धारित प्रक्रिया है।

## घ. <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

27. आवेदक द्वारा किए गए अनुरोधों की जांच की गई है और निम्नलिखित समुक्तियां की जा रही हैं।

28. चूंकि समूह की समेकन रणनीति के परिणामस्वरूप एक्यूंग केमिकल कं. लिमिटेड(पुरानी कंपनी) और एके केमटेक कंपनी लिमिटेड का विलय एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य में हो गया है इसलिए शुल्क तालिका में उत्पादक के नाम में परिवर्तन की आवश्यकता है। उक्त समेकन के पश्चात 1 नवंबर, 2021 से बची हुई कंपनी एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य ने अपना नाम बदलकर एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड से एक्यूंग केमिकल कं. लिमिटेड कर दिया है।

29. आवेदन और संलग्न दस्तावेजों की जांच के बाद, प्राधिकारी ने मौजूदा दस्तावेजों के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा था और आवेदक से एमओयू/एमओए, व्यापार लाइसेंस, बोर्ड संकल्प, संबंधित कंपनियों की सूची और वार्षिक रिपोर्टों जैसे अतिरिक्त संगत समर्थक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए भी कहा था। आवेदक ने उक्त प्रश्नों/अपेक्षाओं का समाधान किया और 22 जून, 2022 को संलग्नक सहित आवेदन का पूर्ण अगोपनीय अंश प्रस्तुत है।

30. प्राधिकारी ने वर्तमान आवेदन का अगोपनीय अंश मूल जांच में घरेलू उद्योग के कानूनी प्रतिनिधि को परिचालित किया है और घरेलू उद्योग की ओर से नाम परिवर्तन आवेदन के संबंध में टिप्पणियां मांगी हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि न तो घरेलू उद्योग और न ही मूल जांच में उसके कानूनी प्रतिनिधि ने विहित और उसके बाद बढ़ाई गई समय-सीमाओं के भीतर आवेदक द्वारा नाम में परिवर्तन के अनुरोध पर कोई अनुरोध/आपत्ति नहीं की है।

31. प्राधिकारी नोट करते हैं कि ने तो एक्यूंग केमिकल कं. लिमिटेड(पुरानी कंपनी) और न ही एके केमटेक कंपनी लिमिटेड संबद्ध वस्तु के उत्पादन और बिक्री में शामिल थे, पीयूसी के उत्पादन में शामिल एकमात्र कंपनी एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य थी।

32. जांच से यह भी पता चला है कि यह अनुरोध व्यापार सूचना सं. 12/2018 दिनांक 17 सितंबर, 2018 में दिए गए दिशा-निर्देश के भीतर नाम परिवर्तन की श्रेणी में आता है और स्वामित्व में ऐसा कोई बदलाव नहीं हुआ है जो व्यापार की मूल प्रकृति को बदलता हो। यह अनुरोध व्यापार सूचना के दायरे के भीतर कवर होता है।

33. सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद, प्राधिकारी अंतिम जांच परिणाम अधिसूचना सं. 6/16/2020-डीजीटीआर दिनांक 19 मई, 2021 के पैरा संख्या 6 में शुल्क तालिका में निम्नलिखित परिवर्तन की सिफारिश करते हैं:

क्रम सं. 6 कॉलम 6 में उत्पादक का नाम “एक्यूंग पैट्रोकेमिकल्स कं. लिमिटेड” से संशोधित करके **“एक्यूंग केमिकल कंपनी लिमिटेड”** के तौर पर पढ़ा जाए।

34. तद्नुसार, प्राधिकारी सीमा शुल्क अधिसूचना सं. 48/2021 –सीमा शुल्क (एडीडी) दिनांक 9 अगस्त, 2021 में भी नाम में उक्त परिवर्तन की सिफारिश करते हैं।

35. इस अधिसूचना से उत्पन्न केन्द्र सरकार के आदेशों के विरुद्ध कोई अपील अधिनियम के के अनुसार सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष की जा सकेगी।

अनन्त स्वरूप, निर्दिष्ट प्राधिकारी

**MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY**

**(Department of Commerce)**

**(**DIRECTORATE GENERAL OF TRADE REMEDIES**)**

**AMENDMENT NOTIFICATION**

New Delhi, the 30th September, 2022

**Subject: Change in the name of producer/exporter Aekyung Petrochemical Co., Ltd. in the Final Finding Notification No. 6/16/2020-DGTR dated 19th May, 2022 of Anti-dumping investigation concerning imports of Phthalic Anhydride (PAN) originating in or exported from China PR, Indonesia, Korea RP and Thailand.**

**F. No. 7/06/2022-DGTR.—**Having regard to the Customs Tariff Act 1975, as amended from time to time (hereinafter referred to as "the Act") and the Customs Tariff (Identification, Assessment and Collection of Anti-Dumping Duty on Dumped Articles and for Determination of Injury) Rules 1995, as amended from time to time (hereinafter referred to **as** "the Rules") thereof;

**A. <u>Background</u>**

1. The Directorate General of Trade Remedies ("Authority") had conducted an Anti-dumping investigation concerning imports of Phthalic Anhydride (PAN) originating in or exported from China PR, Indonesia, Korea RP and Thailand ("subject countries") and recommended imposition of the definitive anti-dumping duty vide its final findings notification no. 6/16/2020-DGTR dated 19th May,2021("Final Findings"). The recommendation was accepted by the Ministry of Finance and definitive duty was imposed vide Customs Notification No. 48/2021- Customs (ADD) dated 9th August,2021("Customs Notification").

2. In the said anti-dumping investigation, one of the cooperating producers of the subject goods from Korea namely, Aekyung Petrochemical Co., Ltd., Korea RP and its four unrelated traders of the subject goods namely, Canko Marketing Corporation, Korea RP, Humade Corporation, Korea RP, Hyundai Corporation, Korea RP and Polychem Asia Co., Ltd., Korea RP, participated and filed their exporters questionnaire responses. The Authority recommended individual duty for the producer Aekyung Petrochemical Co., Ltd., Korea RP.

3. During the original investigation, Aekyung Petrochemical Co., Ltd., Korea RP was engaged in the manufacture and sale of various petrochemical products. Aekyung Petrochemical Co., Ltd., Korea RP, Aekyung Chemical Co., Ltd. (Old company) and AK Chemtech Co., Ltd., are related companies and belong to the same group with AK Holdings Inc being the parent company holding majority shares. Post the issuance of the final findings, Aekyung Petrochemical Co., Ltd., Korea RP has absorbed Aekyung Chemical Co., Ltd. (old company) and AK Chemtech Co., Ltd., as a result of consolidation strategy of the group. Post the said consolidation, from 1st November 2021, the surviving company Aekyung Petrochemical Co., Ltd., Korea RP, has changed its name from Aekyung Petrochemical Co., Ltd. to Aekyung Chemical Co., Ltd.

**B. <u>Procedure</u>**

4. On 28th January 2022, Aekyung Chemical Co., Ltd., Korea RP (hereinafter referred to as the "applicant"), filed the application requesting for change of name of the cooperating producer from Aekyung Petrochemical Co., Ltd., Korea RP to Aekyung Chemical Co., Ltd., Korea RP, in the duty table of the final findings, in accordance with the Trade notice No. 48/2021- Customs (ADD) dated 9th August, 2021.

5. Considering the nature of the request and in terms of Trade Notice No. 12/2018 dated 17th September 2018, the Authority examined the aforementioned application and also asked for additional documents from the applicant. The Authority circulated the non-confidential version of the application to the domestic industry and sought

their views on the request made so that the request could be considered appropriately and the need of undertaking a Mid-Term Review **("MTR")** could be evaluated.

6. No submission/evidence against the claims of the applicant was filed by the domestic industry within the stipulated timelines. However, the legal representative of the domestic industry in the original investigation filed belated legal arguments and requested the Authority to hold an oral hearing.

7. An oral hearing was conducted by the Authority on 15th September, 2022. The submissions made by the participants are recorded below and have been considered by the Authority.

**C. <u>Submissions</u>**

**View of the Applicant-Aekyung Chemical Co., Ltd., Korea RP**

8. Aekyung Petrochemical Co., Ltd., Korea RP, was a producer from Korea RP of the subject goods and had exported the subject goods to India directly and through four unrelated traders namely, Canko Marketing Corporation, Korea RP, Humade Corporation, Korea RP, Hyundai Corporation, Korea RP and Polychem Asia Co., Ltd., Korea RP during the POI. All the subject goods exported by Aekyung Petrochemical Co., Ltd., Korea RP, to India during the POI were produced by itself only. Aekyung Petrochemical Co., Ltd., Korea RP and its four unrelated traders, were determined as cooperating entities in the final findings notification dated 9th August,2021, issued by the Authority pursuant to the subject investigation.

9. Aekyung Petrochemical Co., Ltd., Korea RP, Aekyung Chemical Co., Ltd. (Old company) and AK Chemtech Co., Ltd., are related companies and belong to the same group with AK Holdings Inc, being the parent company holding majority shares. Aekyung Petrochemical Co., Ltd., Korea RP has absorbed Aekyung Chemical Co., Ltd. (Old company) and AK Chemtech Co., Ltd. as a result of consolidation strategy of the group. Post the said consolidation, from 1st November 2021 and the surviving company Aekyung Petrochemical Co., Ltd. has changed its name from Aekyung Petrochemical Co., Ltd. to Aekyung Chemical Co., Ltd.

10. Phthalic Anhydride (subject goods) is manufactured by Aekyung Petrochemical Co., Ltd., Korea RP and is the main raw material for plasticizers, unsaturated polyester resins, paints, etc. Aekyung Chemical Co., Ltd. (old company) was involved in manufacture of Resins, Hardeners, and Adhesives. **A**K Chemtech Co., Ltd., was involved in the manufacturing and sale of Surfactants. Neither the Aekyung Chemical Co., Ltd. (old company) and AK Chemtech Co., Ltd., were involved in the production or sales of the subject goods, the only company involved in production of the PUC was Aekyung Petrochemical Co., Ltd., Korea RP.

11. The objective of the change in the name and the consolidation of these three group companies into one was to improve the management capabilities of key talent and product portfolio business. Additionally, with uniform management the applicant has plans to expand and upgrade its R&D functions to secure its own original technology and strengthen its eco-friendly response capabilities. Also, the aim of the consolidation is to become a company that can provide high value-added products and comprehensive chemical solutions by breaking away from the business structure centered on manufacturing and selling materials of additives through the company-wide business direction and strategy. The request falls within the category of name change only and there is no change in the basic nature of the business as per the Trade Notice No. 12/2018 dated 17thSeptember, 2018. The following documents have been filed by the Applicant in the application.

- Original and new Business License.
- Structure of Management pre and post consolidation.
- Details of shares of the shareholder and related persons before and after the consolidation
- Audited Annual Reports for the year 2021.

12. Non-confidential version of the application and additional documents were circulated to the domestic industry for their comments. Sufficient time was granted to them to file the submission. Despite several reminders no comment/submission was filed by the domestic industry.

13. M/s. TPM Consultants is not representing the domestic industry as no authorization is filed with the Authority stating that they are authorized by the domestic industry to participate in the present investigation. They did not even file a letter of intent to participate in this request. Therefore, TPM should not be allowed to participate in the present oral hearing.

14. Even if the Authority has sent an email to respond, the legal representative must have taken authorization from the domestic industry to participate in the oral hearing and file comments on their behalf.

15. The sole reason of consolidation of the three group companies into one was to improve the management capabilities of key talent and product portfolio business.

16. After consolidation, Aekyung Petrochemical Co., Ltd. continued for three months with the same name and exported the subject goods to India as well without any hassle. Since the other companies neither supply any raw material to Aekyung petrochemical Co., Ltd. nor are involved in the production of PUC, there is no change in any other parameters of Aekyung Petrochemical Co., Ltd. with the consolidation of these companies. They are even located at different places.

17. There was no change at all with the addition of these companies in the cost of production, production process or export of the PUC to India. However, due to name change only, Aekyung Chemical Co. Ltd. had to appear before the Authority.

18. The consolidation and change in the name of Aekyung Petrochemical Co., Ltd. to Aekyung Chemical Co., Ltd. has not brought any structural changes in company e.g.:

- No change in business license number.
- No change in capacity,
- No change in address of the factory
- No change in majority shareholders
- No change in source of raw materials
- No change in cost structure
- No change in overseas sales team
- No change in source of utilities
- No change in number of workers in plant.

19. There are no changes in Aekyung Petrochemical Co. Ltd. with the consolidation of these companies and post change in name. Thus, post consolidation and change in name, there is no change in overall working of the company and no change in cost of production structure has taken place.

20. As per past practices of DGTR, there is no implication of merger in the name change. The Authority has never calculated dumping margin and injury margin in case of name change.

21. Rule 23 is not applicable for the name change. The Authority has specifically issued Trade Notice 12/2018 for the name change whereby it has been specifically mentioned that the requests for name change on account of merger/ demerger/ acquisition, change in ownership structures/shareholding pattern, change in requirement of law of a member country. Therefore, Trade Notice shall be followed in case of name change on account of above.

22. Arab Republic of Egypt Ministry of Trade & Industry changed the name of Aekyung Petrochemicals Co., Ltd. to Aekyung Chemicals Co., Ltd., without reassessing the anti-dumping duties imposed on DOP from Korea RP. The name change was duly accepted by the Investigation Authority and notified on 6/2/2022 within three weeks of filing the request.

**View of the domestic industry**

23. The DGTR forwarded the communication to TPM (legal representative of the domestic industry in the original investigation), and sought comments. If DGTR has sent communication to TPM and has not sought authorisation, it was not for the TPM to ask DGTR to ask TPM to file authorisation.

24. It is not a mere change of name, there is a complete corporate restructuring. Aekyung Chemical Co., Ltd. and AK Chemtech Co., Ltd. were absorbed by Aekyung Petrochemical Co. Ltd., Korea. After the restructuring, the name of the new entity has been changed to Aekyung Chemical Co., Ltd. In fact, it would be seen that the primary objective of the restructuring undertaken by Aekyung Chemical is to boost its sales and profits. Through this process, it aims to post four trillion won in sales and 300 billion won in operating profit by 2030.

25. The structural change stated by the applicant would have led to change in normal value and export price. In fact, the applicant has not even stated that the structural changes have not led to any change in normal value and/or export price. Also, the applicant is silent about self-consumption of the product and how the same has changed between the previous situation and the present situation; and what is the impact of the same on dumping margin. Once the structure has changed, it follows that company's policies with regard to production, sales, market, price will all undergo a change. DGTR cannot determine, without undertaking a review, whether there is a change in these parameters as a result of change in ownership. This can only be undertaken through an interim review under Rule 23.

26. The procedure laid down under Rule 22 or 29 in any case is not applicable to the present case. The only procedure that is applicable to the present case is the procedure laid down under Rule 23.

**D. Examination by the Authority**

27. The submissions made by the applicants have been examined and the following observations are made.

28. The need for change in the name of the producer in the duty table has arisen, since Aekyung Petrochemical Co., Ltd., Korea RP, has absorbed Aekyung Chemical Co., Ltd. (Old company) and AK Chemtech Co., Ltd., as a result of consolidation strategy of the group. Post the said consolidation, from 1st November 2021, the surviving company Aekyung Petrochemical Co., Ltd., Korea RP, has changed its name from Aekyung Petrochemical Co., Ltd. to Aekyung Chemical Co., Ltd.

29. After examination of the application and enclosed documents, the Authority sought clarification on the existing documents and also asked the applicant to submit additional relevant supporting documents like MoU/MoA, business licenses, board resolution, list of related companies and annual reports. The applicant addressed the above queries/requirements and filed the complete non-confidential version of the application with addendum on 22nd June 2022.

30. The Authority circulated the non-confidential version of the instant application to the legal representative of the domestic industry in the original investigation and sought the comments on the name change application on behalf of the domestic industry. The Authority notes that neither the domestic industry nor its legal representative in the original investigation made any submission/objection to the request of change in the name by the applicant within the prescribed and subsequently extended timelines.

31. The Authority notes that neither Aekyung Chemical Co., Ltd. (old company) and AK Chemtech Co., Ltd., were involved in the production or sales of the subject goods, the only company involved in production of the PUC was Aekyung Petrochemical Co., Ltd., Korea RP.

32. The examination further reveals that the request falls in the category of name change within guideline given in the Trade Notice No. 12/2018 dated 17th September, 2018 and there is no change in the ownership in a manner that alters the basic nature of the business. The request is covered within the scope of the trade notice.

33. Having considered all aspects, the Authority recommends following change in the Duty Table in para no. 6 of the final findings notification No. 6/16/2020-DGTR dated 19th May, 2021:

At SN 6, in Column 6, the name of the producer "Aekyung Petrochemical Co., Ltd." be amended to read as **"Aekyung Chemical Co., Ltd."**

34. Accordingly, the Authority recommends the above change in the name in the Customs Notification No. 48/2021- Customs (ADD) dated 9th August,2021 as well.

35. An appeal against the orders of the Central Government arising out of this notification shall lie before the Customs, Excise, and Service Tax Appellate Tribunal in accordance with the Act.

ANANT SWARUP, Designated Authority

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. MANOJ KUMAR VERMA Digitally signed by MANOJ KUMAR VERMA Date: 2022.10.03 21:28:37 +05'30'